# 1906-1918

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**

1. वर्ष 1906 में कलकत्ता में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में अध्यक्ष पद को लेकर उदारवादियों और उग्रवादियों में विवाद हो गया था।
2. राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन (1906) में ही दादाभाई नौरोजी ने पहली बार 'स्वराज' शब्द का उल्लेख किया था।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**2. स्वदेशी आन्दोलन की किन जगहों पर तीव्र प्रतिक्रिया हुई?**

(a) मद्रास एवं हैदराबाद (b) बंगाल एवं महाराष्ट्र
(c) बिहार एवं उड़ीसा (d) भारतीय रियासत

**3. सुमेलित करें**

| सूची I (नेता) | सूची II (उपनाम) |
|---|---|
| A. रवीन्द्रनाथ टैगोर | 1. ग्राण्ड ओल्डमैन |
| B. मदन मोहन मालवीय | 2. पंजाब केसरी |
| C. लाला लाजपत राय | 3. महामना |
| D. दादाभाई नौरोजी | 4. गुरुदेव |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**4. निम्नलिखित में से किस आन्दोलन के कारण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विभाजन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 'नरम दल' और 'गरम दल' का उद्भव हुआ?**

(a) स्वदेशी आन्दोलन
(b) भारत छोड़ो आन्दोलन
(c) असहयोग आन्दोलन
(d) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

**5. निम्नलिखित घटनाओं को उनके सही कालक्रम में प्रस्तुत कीजिए**

1. लखनऊ समझौता
2. गाँधी–इर्विन समझौता
3. पूना समझौता
4. सविनय अवज्ञा आन्दोलन की अन्तिम रूप से वापसी

**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए**

(a) 1, 3, 2 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1, 3, 4 और 2 (d) 1, 4, 3 और 2

**6. सुमेलित कीजिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. मदन मोहन मालवीय | 1. होमरूल लीग के संस्थापक |
| B. मोतीलाल नेहरू | 2. सर्वेन्ट्स ऑफ इण्डिया सोसायटी को प्रारम्भ किया |
| C. श्रीमती ऐनी बेसेण्ट | 3. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक |
| D. गोपालकृष्ण गोखले | 4. स्वराज पार्टी का अन्य लोगों के साथ गठन किया |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**7. निम्नलिखित में से किस युग्म को इंग्लैण्ड में अंग्रेज अधिकारियों की हत्या के आरोप में फाँसी की सजा मिली?**

(a) राजगुरु तथा सुखदेव
(b) खुदीराम बोस तथा सूर्यसेन
(c) मदनलाल ढींगरा तथा ऊधम सिंह
(d) करतार सिंह सराभा तथा अशफाक उल्ला-खाँ

**8. कामागाटामारू**

(a) एक राजनैतिक दल जो ताइवान आधारित था
(b) चीन का एक किसान साम्यवादी नेता था
(c) कनाडा की यात्रा पर निकला एक जलपोत था
(d) चीन का गाँव जहाँ से माओत्से तुंग ने अपना 'लाँग मार्च' आरम्भ किया था

**9. वर्ष 1911 में आयोजित दिल्ली दरबार के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए**

1. दिसम्बर, 1911 में ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम और महारानी मेरी के भारत आगमन पर उनके स्वागत हेतु दिल्ली में यह दरबार आयोजित किया गया था।
2. 1 अप्रैल, 1912 को दिल्ली को कलकत्ता की जगह भारत की नई राजधानी बनाया गया।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?**

(a) 1 और 2 दोनों (b) केवल 2
(c) केवल 1 (d) न तो 1 और न ही 2

**10. कांग्रेस के मंच से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में प्रथम बार 'स्वराज' शब्द व्यक्त किया गया था?**

(a) बनारस अधिवेशन, 1905
(b) कलकत्ता अधिवेशन, 1906
(c) सूरत अधिवेशन, 1907
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**11. कांग्रेस के 1916 ई. के लखनऊ अधिवेशन में कौन-सा मुख्य दूरगामी परिणाम वाला निर्णय लिया गया था?**

(a) मुस्लिम लीग की पृथक् निर्वाचन क्षेत्र की माँग स्वीकार की
(b) कांग्रेस और मुस्लिम लीग का अस्थायी विलय हो गया
(c) कांग्रेस का अध्यक्ष एक मुस्लिम व्यक्ति चुना गया
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**12. मुजफ्फरपुर में किंग्स फोर्ड की हत्या का प्रयास कब किया गया?**

(a) 1908 ई. (b) 1909 ई.
(c) 1970 ई. (d) 1911 ई.

**13. 1907 ई. में मुस्लिम लीग का वार्षिक अधिवेशन कहाँ हुआ था?**

(a) ढाका में (b) कराची में
(c) अलीगढ़ में (d) लखनऊ में

**14. निम्नलिखित में से किस भारतीय राष्ट्रीय नेता ने खिलाफत आन्दोलन का समर्थन नहीं किया?**

(a) स्वामी श्रद्धानन्द
(b) मदन मोहन मालवीय
(c) जवाहर लाल नेहरू
(d) राजेन्द्र प्रसाद

**15. निम्नलिखित में किसने ऑल इण्डिया मुस्लिम लीग की स्थापना की थी?**

(a) सर सैयद अहमद खाँ
(b) सर मोहम्मद इकबाल
(c) आगा खान
(d) नवाब सलीमुल्ला खान

**16. सुमेलित करें**

| सूची I (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन) | सूची II (अध्यक्ष) |
|---|---|
| A. 1912 ई. | 1. सर एस पी सिन्हा |
| B. 1913 ई. | 2. भूपेन्द्र नाथ बोस |
| C. 1914 ई. | 3. सैयद मुहम्मद बहादुर |
| D. 1915 ई. | 4. आर एन माधेलकर |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**

1. 1912 ई. में देश की आजादी के लिए जनमत तैयार करने के उद्देश्य से मौलाना अबुल कलाम आजाद ने 'अल हिलाल' नामक समाचार पत्र का प्रकाशन किया था।
2. बंगाल विभाजन को रद्द करने की घोषणा 1911 ई. में की गई थी।
3. 1918 ई. में खेड़ा सत्याग्रह में हिस्सा लेकर वल्लभ भाई पटेल ने भारतीय राजनीति में प्रवेश किया।

**उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से सत्य है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 3

**18. वर्ष 1918 में बम्बई में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विशेष अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?**

(a) मदन मोहन मालवीय
(b) सैयद हसन इमाम
(c) ऐनी बेसेण्ट
(d) इनमें से कोई नहीं

**19. कथन (A) न्यूयार्क के यूले शहर में 1913 ई. में लाला हरदयाल ने गदर पार्टी की स्थापना की थी।**
**कारण (R) गदर पार्टी ने अपना मुख्यालय 'युगान्तर आश्रम' के नाम से सेनफ्रांसिस्को में खोला था।**

**कूट**

(a) कथन A तथा कारण R दोनों सही हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) कथन A तथा कारण R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) कथन A सही है, किन्तु कारण R गलत है
(d) कथन A गलत है, किन्तु कारण R सही है

**20. गाँधीजी चम्पारण क्यों गए?**

(a) सत्याग्रह आन्दोलन का आरम्भ करने के लिए
(b) असहयोग आन्दोलन का आरम्भ करने के लिए
(c) नील की खेती करने वालों की शिकायतों की जाँच-पड़ताल करने के लिए
(d) जमींदारों के खिलाफ लड़ने के लिए

# Answer Key

1.© 2.(b) 3.(d) 4.(a) 5.(b) 6.(a) 7.(c) 8.(c) 9.(c) 10.(b)

11.(a) 12.(a) 13.(b) 14.(b) 15.(d) 16.(a) 17.(c) 18.(b) 19.(b) 20.(c)

EduBull.com